# सितम ढाता बारिश का पानी, लोगों की बढ़ा रहा परेशानी

## धुंआधार बारिश लोगों की बनी जान की मुसीबत, अब थम जाने की भोले से लगा रहे गुहार

**रविन्द्र सिंह चौहान**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** जोरदार बारिश से शहर का जनजीवन पूरी अस्त-व्यस्त हो गया। घरों में पानी घुस गया तो सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। कई सालों बाद बरसात कितनी तेज हो रही है कि इस बात का लोगों ने अंदाज भी नहीं लगाया होगा इस बार उन स्थानों पर भी एक फीट तक पानी भर गया, जहां इससे पहले कभी नहीं भरा था।

शहर में जब से बरसात शुरु हुई है तब से पानी निकासी पर नगर निगम का पूरा ध्यान है, लेकिन पानी की निकासी हो नहीं पाती तब तक फिर बरसात हो जाती है जिससे समस्या यथावत बनी हुई है। दीनयाल नगर, शताब्दीपुरम, आदित्यपुरम, वायु नगर, समर्थ नगर, कविनगर, महाराज कॉम्पलेक्स का एरिया, कोठारी कॉम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, आनंद नगर, विनय नगर, मोतीझील, पुरानी छावनी, सिकंदर कम्पू, तारागंज, आपागंज, गोल पहाड़िया, कम्पू छप्परवाला पुल, शिंदे की छावनी, जिंसी नाला नम्बर एक व दो, मोर बाजार, मुरार के कई इलाके, गोला का मंदिर क्षेत्र की कॉलोनियां, काल्पी ब्रिज, सिद्धेश्वर नगर सहित पूरे शहर में पानी भरा हुआ है।

**पॉश एरियों में भी जल भराव बना मुसीबत जहाँ देखो पानी ही पानी :** शहर में बनी पॉश एरिया जैसे कैलास बिहार,ठाठीपुर गांव,बसंत बिहार,विवेक बिहार, अल्कापुरी, गोविंदपुरी सहित कई ऐसी कॉलोनियां है जो इस साल पानी की जलभराव समस्या से जूझ रहीं है क्षेत्रवासियो का कहना है कि यहां सड़को पर इतना ज्यादा पानी भर जाता है कि कभी कभी बारिश का पानी घरों के अंदर आने लगता है ।

**दीनदयाल नगर से लेकर आदित्यपुरम भी जल भराव की चपेट में :** पंडित दीनदयाल के नाम पर बना महाराजपुरा क्षेत्र में आने बाला दीनदयाल नगर भी इस साल अधिक बर्षा होने से समस्यओं से जूझ रहा है जलभराव के कारण यहां भी लोगों को समस्या बनी हुई है कुछ रोज पहले क्षेत्र की जनता द्वारा सड़क पर चक्का जाम कर दिया था फिर भी पानी निकासी के पुख्ता इंतजाम नही किये गए ।

**हजीरा के कई क्षत्रों में भरा पानी,पनप रहे मच्छर,लोग हो रहे बीमार :** उपनगर ग्वालियर में आने बाली कई कॉलोनियां जैसे न्यू रेशम मिल,वार्ड ऑफिस के पीछे बने पार्क सहित अन्य क्षेत्रों में जलभराव समस्या अभी भी बनी हुई है ।

**इंटक के बगल में बनी 8 नम्बर** लाइन के बीचों बीच बहुत दिनों से पानी भरा हुआ है वहां पर रह रहे निवासी **बंटी पाली** ने नवभारत के संवाददाता को बताया कि कॉलोनी के बीचों बीच बच्चों के खेलने का मैदान है जो इस समय तालाब की तरह नजर आता है कई दिनों से इसमें पानी भरा होने से पानी मे सडांद आने लगी है इससे मच्छरों पनप गए है घरों में इतने मच्छर हो गए है कि बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता लगी रहती है ।

मुरार क्षेत्र में नवभारत को क्षेत्रीय जनता ने बताया की हम लोग भी पानी भरने को लेकर लोग परेशान है जब अधिक बारिश होती है थ घरों से लेकर सड़को तक पानी ही पानी नजर आता है पर हमें उम्मीद है कि सरकार कभी ना कभी हमें इस समस्या से निजात दिलवाएगी ।



### गांधीनगर में सीवर समस्या से नहीं मिल रही निजात सड़कों पर बारिश का पानी, लोग हो रहे बेहाल



प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर के नाम से पहचान बनाने बाली पॉश कॉलोनी गांधीनगर पर भी इस समय संकट के बादल मंडरा रहे है इस बर्ष अधिक बर्षा होने से क्षेत्र की हर गली में पानी सड़क से डेढ़ फुट ऊपर भर जाता है जल भराव अधिक होने से घरों के दरवाजों से पानी अंदर आने लगता है यहां सीवर समस्या भी चरम पर है सीवर उफनने से बदबूदार पानी बारिश के पानी में मिलकर पूरी सड़कों पर भर जाता है उसकी दुर्गन्ध से लोग नरक जैसा जीवन जीने को मजबूर है क्षेत्रवासियों का कहना है कि इसकी शिकायत हमनें निगम ऑफिस में भी कर दी है पर अभी तक कोई अधिकारी यहां देखने तक नहीं आया लोगों ने दबी जुबान से कहा कि क्षेत्र प्रतिनिधि (पार्षद)को हमनें वोट देकर इसलिए जितवाया था कि वह हमारी समस्याओं का समाधान करेंगे पर उन्होंने भी हमारी इस परेशानी को अपने संज्ञान में नहीं लिया आखिरकार इस साल वेहिसाब बारिश ने बारिश ने नगर निगम को पूरी तरह से घुटनों पर ला दिया है।

### जिले के ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों व आँगनबाड़ियों में आज अवकाश, कलेक्टर ने दिया आदेश



लगातार हो रही अति वर्षा को ध्यान में रखकर 28 जुलाई को ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में पहली कक्षा से 12 कक्षा तक बच्चों के लिए अवकाश रखा गया है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के सभी आँगनबाड़ी केन्द्रो में भी बच्चों के लिए छुट्टी रखने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा इस आशय का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी को दिया है ।जिला शिक्षा अधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र के समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों, प्रधानाध्यापकों व स्कूल संचालकों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए आदेशित किया है। जिले के अंतर्गत भारी बारिश को देखते हुए निर्देश दिए गए हैं कि 28 जुलाई को विकासखंड डबरा, भितरवार एवं मुरार ग्रामीण के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों का अवकाश रहेगा । ग्वालियर शहर के स्कूलो में अध्यापन कार्य यथावत संचालित रहेगा। इसी तरह आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए छुट्टी सुनिश्चित कराने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास व परियोजना अधिकारियों को दिए गए हैं।

### तालाब की तरह नजर आ रहा है सौंदर्य का प्रतीक महाराज बाड़ा



सरकार ने ग्वालियर का ह्रदय स्थल कहा जाने बाला महाराज बाड़े के सौंदर्यकरण में करोड़ों रुपया खर्च कर उसे खूबसूरत बना दिया यहां बना पुरातत्व विभाग का संग्रहालय एवं सरकारी ऑफिसों की बिल्डिंग पर लगी लाइटिंग यहां की सुंदरता को चार चांद लगा देता है। इतना पैसा खर्च करने के बाद भी यहां पानी की निकासी के पुख्ता इंतजाम नहीं किये गए तेज बारिश होने पर यहां की सड़कें तालाब की तरह नजर आतीं है जो इस मखमली महाराज बाड़े के सौंदर्य कारण में टाट का पेवन्द की तरह दिखाई देतीं है।

### आदित्यपुरम में घुटनों तक भरा पानी, लोग घरों में कैद होकर रहने पर मजबूर



दीनदयाल नगर के सामने बने अदित्यपुरम में कॉलोनी में भी ऊंची सुंदर इमारत बाले घरों में भी पानी घुस रहा है। वहीं रह रही छात्रा ने बताया **तान्या सिंह** ने बताया कि पर इस बार बारिश ने यहां के हालात और भी खराब कर दिए है अत्याधिक बारिश होने से जगह जगह पानी भर गया जहां कच्ची सड़कें थी वहां इतना कीचड़ हो गया कि उस जगह से निकले बाले वाहन और जनता फिसल रहे है में भी अपने ट्यूशन नहीं जा पा रहीं हूँ यहां पड़े खाली प्लाटों और गड्ढों में अधिक मात्रा में पानी भरा हुआ है उसके कारण मच्छरों के प्रकोप बढ़ गया है और हमे बीमारी का खतरा बना रहता है ।

# मां का इलाज कराने आए युवक से 50 हजार लेकर भाग गए बदमाश

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** उत्तरप्रदेश के झांसी से ग्वालियर के हजार बिस्तर अस्पताल में मां का इलाज कराने आए युवक से बाइक सवार बदमाश बातों में उलझाकर 50 हजार रुपए लेकर रफूचक्कर हो गए। घटना कंपू थाना क्षेत्र के हॉकी अकादमी के पास शनिवार शाम की है। पुलिस ने फिलहाल इस मामले में युवक से आवेदन लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

उत्तर प्रदेश के झांसी बिजौली स्थित ग्राम सैयर में रहने वाला अंकित यादव अपनी मां का इलाज कराने आया है। मां को हजार बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराने के बाद अंकित यादव फल के ठेले से खरीदारी करने लगा। उसी दौरान बाइक सवार युवक जिनकी संख्या 4 से 5 बताई गई है वह अंकित के

**हजार बिस्तर अस्पताल के पास हुई घटना, पुलिस मान रही संदिग्ध**

पास आए और उससे बात करने लगे। बातों के दौरान अंकित के पास से 50 हजार रुपए ले गए। इस मामले में कंपू टीआई अमर सिंह सिकरवार ने बताया कि युवक से आवेदन ले लिया है और सीसीटीवी फुटेज देख रहे हैं। मामले की जांच जारी है।

# सूने घर से सोने-चांदी के गहने पार करने वाले दो नकबजन धरे

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** सूने घर में सेंध लगा सोने चांदी के गहने पार करने वाले दो शातिर नकबजनों को कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोचा है, जिनके कब्जे से चुराए गए चांदी के 10 सिक्के व आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित वारदात को अंजाम देने के लिए उपयोग किए गए सब्बल एवं प्लास भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों से शेष मशरूका एवं अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

कोतवाली थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक सूने मकान में धावा बोलकर सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले जाने वाले दो शातिर चोरों को मुखबिर की सूचना पर उनके घरों में दबिश देते हुए पकड़ लिया गया है। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम सत्या उर्फ संतोष पुत्र नवाब सिंह कोरी (28) निवासी नदी पार टाल हाल निवास खजांची बाबा के पास कंपू एवं छोटू उर्फ लेखराज उर्फ चिकना पुत्र भगवान सिंह जाटव (32) निवासी 60 फुटा रोड



कुंवरपुर थाना थाटीपुर बताते हुए उक्त चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार लिया। पकड़े गए आरोपियों की निशादेही पर पुलिस ने चोरी गए चांदी के 10 सिक्के व आर्टिफिशियल जेवर सहित घटना में प्रयुक्त सब्बल एवं प्लास को

**चुराए गए चांदी के 10 सिक्के व आर्टिफिशियल ज्वेलरी जब्त**

जब्त कर लिया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर उनसे क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं तथा शेष माल के संबंध में पूछताछ जा रही है। उक्त कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी मोहिनी वर्मा, एएसआई हरदा नायक, रामकृष्ण शर्मा, आरक्षक राजेश, गौरव, हिमाचल व महिला आरक्षक कुमकुम की सराहनीय भूमिका रही।

# बैसली नदी में डूबा बुजुर्ग 22 घंटे बाद भी बेसुराग

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** बैसली नदी में नहाने गए बुजुर्ग पानी के तेज बहाव में बह गए थे। उटीला थाना इलाके में घटित उक्त हादसे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा एनडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर बुजुर्ग की तलाश की जा रही है, लेकिन करीब 22 घंटे बीतने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग सका है।

पुलिस व एनडीआरएफ की कुशवाह बीती दोपहर दो बजे के लगभग टीम तलाश में जुटी गांव के पास से निकली बैसली नदी में उटीला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम टिहोली निवासी 62 वर्षीय प्रीतम पुत्र धनीराम नहाने के लिए गए थे। नहाने के दौरान अचानक आए तेज बहाव में बुजुर्ग पानी में समा गए। जब आसपास मौजूद लोगों को इसका पता लगा, तो उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पाते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, जिसने एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाकर रेस्क्यू शुरू करवाया। बुजुर्ग को तलाशने टीम जब नदी में उतरी, तो तेज बरसात के कारण उसे काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद देर शाम तक सर्चिंग की जाती रही, लेकिन बुजुर्ग का कुछ पता नहीं लगा। अंधेरा हो जाने के कारण रात में रेस्क्यू रोक दिया गया। सुबह होते ही पुलिस व एनडीआरएफ की टीम दोबारा नदी में सर्चिंग के लिए उतरीं, किंतु तमाम प्रयास करने के बावजूद दोपहर 12 बजे तक बुजुर्ग का कोई सुराग नहीं लग सका है।

**ग्रामीणों की बात मान जाता तो नहीं होता हादसा:** बताया गया है कि जिस समय बुजुर्ग नदी में नहाने जा रहा था, उस वक्त भी बरसात हो रही थी और नदी तेज बहाव से बह रही थी। बुजुर्ग को नदी के पास जाता देख वहां मौजूद ग्रामीणों ने उसे समझाने का प्रयास भी किया था, लेकिन वह नहीं माना और नदी में नहाने उतर गया। यदि वह उसी समय उनकी बात मान जाता, तो संभवत: यह हादसा नहीं हुआ होता।

**इनका कहना है...**

बैसली नदी में नहाने के दौरान बुजुर्ग तेज बहाव पानी में बह गए हैं। एनडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर नदी में उनकी तलाश की जा रही है, फिलहाल उनका कोई सुराग नहीं लग सका है।

**शिवम सिंह राजावत**
**थाना प्रभारी, उटीला**

# पेट्रोल भरवाकर बार-बार भाग रहा था, पुलिस ने पकड़ा तो होश ठिकाने आए

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने के बाद जब पैसे देने की बारी आती तो गाड़ी समेत भाग जाने वाले बदमाश को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर ही लिया। इस बदमाश ने ग्वालियर के कई पेट्रोल पंपों से पेट्रोल भरवाया था भुगतान एक पाई का नहीं किया। इससे पेट्रोल पंप संचालक तो परेशान थे ही पुलिस भी हतप्रभ थी कि आखिर ऐसा कौन है जो पुलिस को बार-बार ललकार रहा है। पुलिस ने इस मामले को चुनौती के रूप में लिया और सैकड़ों कैमरे खंगालने के बाद बदमाश तक पहुंच ही गई। यह बदमाश महाराजपुरा का रहने वाला निकला। यह अपने जिस साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम देता था, वह खरगोन की जेल में आर्म्स एक्ट में बंद है।

इस बदमाश ने ग्वालियर के शहरी और बाहरी क्षेत्र स्थित कई पंपों को इसी तरह से जब चूना



लगाया तो पुलिस ने कमर कस ली कि इस गुत्थी को तो सुलझाना ही है और इसे सुलझाने की चुनौती स्वीकार की करहैया थाना प्रभारी देवेंद्र लोधी ने। देवेंद्र लोधी के थाना क्षेत्र में हालांकि इस तरह की कोई वारदात बदमाशों ने नहीं की थी पर देवेंद्र लोधी ने इस पर काम करना शुरु किया और उन सभी पेट्रोल पंपों के सीसीटीवी खंगाले जिन पंपों पर यह बदमाश काली आई-20 में बैठकर पहुंचते थे। पेट्रोल भरवाने के बाद फुर्र हो जाते थे। पंप के अलावा हाईवे और शहरी क्षेत्रों के भी अगिनत सीसीटीवी लोधी ने खंगाले और इस दौरान जो कड़ियां पकड़ में आईं और इन्हें जोड़ा तो पुलिस बदमाश के घर तक पहुंच गई।

**चुनौती दे रहा था :** पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर भागने वाले की एक ही जानकारी पुलिस को मिल रही थी कि इसकी गाडी आई-20 है। इस बदमाश का चेहरा भी सीसीटीवी में कैद हो रहा था पर पहचान ढंग से नहीं हो पा रही थी, इसलिए पुलिस परेशान थी कि ग्वालियर में बार-बार इस तरह की वारदात को कोई बाहर से आकर कर रहा है या फिर वारदात करने वाला ग्वालियर का ही है। इसकी गाड़ी पर नंबर प्लेट भी नहीं था। इसलिए मामला और भी पेंचीदा हो रहा था।

**शातिर बदमाश हैं:** पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह ने कहा, यह तो सरासर ग्वालियर पुलिस को चुनौती दे रहे थे। सोच रहे थे कि पुलिस कैसे उन्हें तलाश लेगी। जब भी इनकी काली आई-20 पेट्रोल भरवाने के बाद बिना भुगतान किए भागती, गाड़ी में दो बदमाश सवार रहते थे। इसमें से एक बदमाश सोनूपाल उर्फ सोनू गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसकी गाड़ी जब्त कर ली गई है। यह पिंटो पार्क का रहने वाला है ।इसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज है। इसके साथी का नाम समर्थ गुर्जर है। सोनपाल के खिलाफ चार मामले महाराजपुरा थाने में दर्ज हैं। यह साल 2019 से बदमाशी कर रहा है। वहीं समर्थ गुर्जर पुत्र शिवराज सिंह गुर्जर निवासी भगत सिंह नगर के खिलाफ गोला का मंदिर, महाराजपुरा में केस दर्ज है। इसके खिलाफ हाल ही में खरगोन के भीकनगांव में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया गया है। यह भीकनगांव अवैध हथियार लेने गया था कि पुलिस ने घर लिया। पुलिस कप्तान ने कहा, ग्वालियर में पेट्रोल पंप से ईंधन भरवाने के बाद भागने की जितनी भी वारदातें हुई हैं, सभी को खंगाला जा रहा है।

**बहाने तरह तरह के:** पेट्रोल भरवाने के बाद जब भुगतान की बारी तो कहता था, पेटीएम कर देता हूं। बार कोड दिखा, कभी कहता था कि कार्ड से भुगतान करूंगा, मशीन लेकर आ। बातों में जैसे ही सेल्समैन उलझता, यह गाड़ी लेकर भाग जाते थे। अधिकांश वारदातों को इन्होंने सुनसान वाले पंपों पर रात के वक्त ही अंजाम दिया। यह हमेशा गाड़ी में फुल टैंक पेट्रोल भरवाते थे।

# अगस्त से लगना शुरु होंगे सीसीटीवी, सर्वे आखिरी दौर में

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** अगस्त माह से शहर सीसीटीवी की जद में आ जाएगा। इसके लिए पूरी प्रकिया की जा चुकी है और अनुबंध होने के बाद अब सर्वे का काम किया जा रहा है। सर्वे अपने आखिरी चरण में है और इसके बाद सीसीटीवी लगना प्रारंभ हो जाएंगे। पुलिस व नगर निगम द्वारा जिन स्थानों पर सीसीटीवी लगाए जाने हैं उसकी सूची स्मार्ट सिटी को सौंप दी है। पुलिस, पीडब्ल्यूडी व नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र हासिल करने के लिए स्मार्ट सिटी के सीईओ ने इन विभागों को पत्र भेज दिया है।

चौराहे-तिराहों पर लगेंगे 410 अत्याधुनिक कैमरे - 8.21 करोड़ रुपए की लागत आएगी, निविदा जारी - पुलिस और नगर निगम ने स्मार्ट सिटी को सूची दी।

**पहले जानें क्या है प्रोजेक्ट:** शहर में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी लगाए जाने का मामला पिछले कई वर्षों से चल रहा है, लेकिन फायनल अब जाकर हो



पाया है। सीसीटीवी लगाने के लिए निविदा जारी होने के बाद ग्वालियर की निधि इंडस्ट्रीज को इसका दायित्व सौंपा गया है। 821 करोड़ की लागत से शहर में 410 सीसीटीवी लगाए जाएंगे। अनुबंध-पत्र हासिल होते ही निधि इंडस्ट्रीज ने अपना काम शुरु कर दिया है।

**पुलिस ने 50 नगर निगम ने 20 स्थानों की सौंपी सूची:** कहां-कहां सीसीटीवी लगाने है इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा 50 स्थानों की सूची स्मार्ट सिटी को दी है। वहीं नगर निगम ने 20 स्थानों की सूची सौंपी है। सूची मिलने के बाद स्मार्ट सिटी ने तय किया है कि पुलिस विभाग को 200 कैमरे दिए जाएंगे। नगर निगम को कितने कैमरे दिए जाएंगे इसका निर्णय अभी नहीं लिया गया है।

# हिस्ट्रीशीटर के घर चोरी करने वाले दो पकड़े, माल बरामद

## 19 जुलाई की घटना, सीसीटीवी में कैद हुई थी वारदात, भितरवार में हुई चोरियों का कनेक्शन भी तलाश रही पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** चीनौर में हिस्ट्रीशीटर के घर हुई लाखों रुपए की चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवर, नकद रुपए तथा घटना में प्रयुक्त की गई मोटर साइकिल भी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपियों ने जिस तरह दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया था, उससे भितरवार में हुई चोरियों का कनेक्शन तलाशा जा रहा है। भितरवार में भी चोरी की कुछ घटनाएं दिन में ही की गई थीं, जिनका अभी तक कुछ पता नहीं चला है।

चीनोर थाना प्रभारी शैलेन्द्र गुर्जर ने बताया कि 19 जुलाई को गुरपाल सिंह पुत्र गुरदीप सिंह सिख ने थाने आकर बताया था कि वह अपनी पत्नी का इलाज कराने ग्वालियर गए थे, उसी दिन दोपहर 1 बजे घर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर अलमारी में रखे सोने के जेवरात तथा 80 हजार रुपए चोरी कर ले गए थे। उन्होंने बताया कि



यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। उसके बाद से ही पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में लगी थी।

पुलिस मामले की जांच कर रही थी, इसी दौरान पता चला कि जिस तरह से चीनोर में दिन में चोरी हुई है, उसी तरह दिन के समय भितरवार में भी कुछ स्थानों पर चोरी की वारदातें हुई हैं। चीनोर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं का कनेक्शन मिलाया गया तो संदेही मिलते-जुलते नजर आए। इसके बाद चोरों की तलाश के लिए मुखबिरों के साथ पुलिस का जाल फैलाया गया। चोरों की तलाश के बीच लाल मोटर साइकिल पर दो युवक नजर आए, इन्हें पुलिस ने रोका तो भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम हरवीर 22 वर्ष पुत्र पप्पू उर्फ अलबेल परिहार निवासी ग्राम चंदपुरा बिजौली तथा हरेकृष्ण 26 वर्ष पुत्र बाबू सिंह परिहार निवासीइ ग्राम रतबा जिला भिंड बताया। आरोपियों से जब पूछताछ की तो दोनों ने कबूल किया कि चीनोर में गुरपाल के घर उन्होंने ही चोरी की थी। इस वारदात में गोरव परिहार पुत्र राकेश परिहार निवासी शिंदे की छावनी भी शामिल है। गौरव परिहार फरार है और इसकी तलाश में पुलिस जुटी है। आरोपियों के पास से चोरी किए गए सोने के जेवर जिनमें 1 सोने की चेन, 2 अंगूठी, 50 हजार रुपए नकद तथा एक मोटर साइकिल बरामद की है। चोरी किए गए माल में गौरव परिहार के पास सोने की दो चूडियां तथा 15 हजार रुपए हैं। पुलिस इसकी तलाश में लगी है।

### वृद्धा के घर पर बोला था धावा

दौलतगंज निवासी 70 वर्षीय मीना पाल ने कोतवाली में शिकायत की थी, कि वह बीती 16 जुलाई को घर का ताला लगाकर अपने बेटे के पास भोपाल गई हुई थीं। 19 जुलाई को मेरी बहन की बेटी ने मुझे कॉल करके बताया कि आपके घर का गेट खुला हुआ है, जिसमें ताला नहीं है। सूचना पाकर अगले ही रोज मैं वापस लौटकर अपने घर पहुंची, तो वहां ताले टूटे पड़े होने के साथ ही पूरा सामान बिखरा पड़ा था। रूम में अलमारी भी खुली थी और उसमें रखी सोने की दो चेन, एक जोड़ी झुमकी, चार अंगूठी, दो जोड़ी टॉप्स तथा चांदी की एक करधौनी व एक जोड़ी चांदी की पायल गायब थीं। इस पर पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 331 (4) व 305 (ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली। वहीं मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी धर्मवीर सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए एएसपी कृष्ण लालचंदानी को उक्त नकबजनों की जल्द गिरफ्तारी करवाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में उनके द्वारा लश्कर सर्किल सीएसपी किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में कोतवाली थाने की टीम को आरोपियों की पतारसी में लगाया गया था। जिसने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज एवं मुखबिर तंत्र की मदद से उक्त आरोपियों को चिंहित कर उन्हें धरदबोचा।

# तूने अगर रिपोर्ट की तो बच्चों सहित तुझे जान से खत्म कर देंगे : आरती

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 27 जुलाई।** बहन बहनोई से तंग आकर अपनी फरियाद लिए पीड़ित आकाश तिवारी 24 जुलाई को हजीरा थाने पहुँचा था काफी देर वहां रहने पर जब उसकी सुनवाई नहीं हुई उसे लगा कि पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही तो उसने पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश उसे तुरंत जयारोग्य हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है वहीं आकाश की पत्नी आरती तिवारी का कहना है कि मेरे पति ज्यादा जल जाने के कारण अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है और मुझे कुछ लोगों द्वारा धमकी दी जा रही है कि अगर तुमने हमारे खिलाफ रिपोर्ट की तो हम तुझे और तेरे बच्चों को जान से मार देंगे पीड़ित आरती तिवारी ने हजीरा थाना पहुँच कर धमकी देने बालों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करवाकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

**मानव अधिकार आयोग ने ग्वालियर एसपी से एक माह में मंगा प्रतिवेदन :** युवक ने थाने में पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास ग्वालियर जिले के हजीरा पुलिस थाने के सामने एक 30 वर्षीय युवक द्वारा आत्मदाह करने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित युवक ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस थाने में उसकी शिकायत पर सुनवाई न होने के कारण उसने त्रस्त होकर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। मौके पर

**पीड़िता ने पुलिस से लगाई गुहार**

मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा पीड़ित युवक को अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर से घटना की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95